सार-समाचार

आहोर में देव प्रतिमाएं स्थापित

आहोर में रामसा पीर मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

आहोर,(निसं)। आहोर में लोक देवता बाबा रामदेव मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रामसा पीर व अन्य देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई। आहोर में आज सुबह साढे नौ बजे के आसपास महोत्सव के सभी लाभार्थी अपने अपने घरों से पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों के संग बैंड बाजा व ढोल धमाके के साथ कस्बे में पुराना बस स्टैंड स्थित रामापीर के मंदिर पहुंचे। मूर्ति स्थापना, शिखर पर कलश, तोरण,मौबण,नेजा,ध्वजा के अलावा तमाम चढावा लेने वाले लाभार्थियों ने चढावे की रस्म अदा की। मूर्ति स्थापन के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई जो काफी आकर्षित रही। हेलीकॉप्टर देखने के लिए कस्बे के घरों की छतों पर लोगों की भीड उमड पडी। इससे पूर्व शुभ वेला में प्रधान आचार्य पंडित भरत भाई ओझा व विद्वान पंडितों ने महायज्ञ की पूर्णाहुति दी। इस दौरान पार्श्ववाडी में संत महापुरुषों का बहुमान किया गया। गौरतलब है कि रविवार को आई तुफानी बारिश के कारण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में महोत्सव को लेकर लगाए गए बडे बडे शामियाने क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसलिए महोत्सव के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाए। महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष बंशीसिंह चौहान ने बताया कि बाबा रामदेव मंदिर में मूर्ति स्थापन के साथ ही महोत्सव का समापन किया गया है।

पक्षियों के लिए परिंडा लगाया



भाजपा महिला मोर्चा जालोर की जिला महामंत्री उर्मिला दर्जी ने अपने घर पर पक्षियों के लिए परिंडा लगाया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। एक परिंडा अपने घर पर अभियान के तहत पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज की महिला नेत्री व भाजपा महिला मोर्चा जालोर की जिला महामंत्री उर्मिला दर्जी ने सोमवार को अपने घर पर पक्षियों के लिए परिंडा लगाया। उर्मिला दर्जी ने बताया कि हमें अपने घर पर पक्षियों के लिए परिंडा लगाना चाहिए। इससे इसके लिए उन पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। ताकि वे पानी की तलाश में ही दम तोड दे।इसकी शुरुआत आप स्वयं भी कर सकते हैं,बस एक परिंडा लगा कर। इसके लिए आप और आपकी कालोनी के अन्य लोग मिलकर इसे रोजमर्रा के कार्य के साथ जोड़ लेंवे। इसके लिए आप एक परिंडा लगाएं, जिससे पक्षियों को छाया के साथ-साथ पानी भी मुहैया हो सकेगा। उर्मिला दर्जी ने बताया कि हमें सभी को अपने अपने घरों के आंगन व सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक परिंडा लगाना चाहिए इसे हमें एक दया भाव के साथ आगे बढाया जाये।

लेटा में जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

जालोर, (कासं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार जालोर जिले में 2021 बैच के नवनियुक्त 100 ग्राम विकास अधिकारियों का जीएनएम ट्रेनिंग सेन्टर लेटा में चल रहे 15 दिवसीय जिला स्तरीय आधारभूत प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण अवधि के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवरलाल सोनी, जालोर उपखण्ड अधिकारी दौलतराम चौधरी, लेखाधिकारी रमेश वर्मा व थानाधिकारी रविन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यानों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस राजकीय महाविद्यालय आहोर के सहायक आचार्य प्रोफेसर चक्रवती सिंह द्वारा कौशल संवर्द्धन एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट को लेकर प्रशिक्षु ग्राम विकास अधिकारियों को जानकारी दी गई। जीएनएम ट्रेनिंग सेन्टर लेटा में आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 15 से 26 मई तक 12 दिवसीय क्लासरूम प्रशिक्षण दिया गया एवं 27 से 29 मई तक मॉडल पंचायत नरसाणा एवं पंचायत समिति बागोड़ा में क्षेत्र भ्रमण कर करवाकर ग्राम विकास अधिकारियों को ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों को समझाकर उनसे जुडी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में आई.टी. एवं पोर्टल व कम्प्यूटर लैब संबंधी हैंडस ऑन व प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों को पदीय कर्त्तव्यों, राज्य सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं, अन्य विभागीय समन्वय, सामान्य वित्तीय और लेखा नियम, महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों, राज्य व केन्द्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से योजना निष्पादन एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था, निर्माण कार्यों का निष्पादन किये जाने की प्रक्रियाओं के बारे में मूलभूत जानकारी एवं सैद्धांतिक व प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया गया।

गुरूकृपा विमंदित गृह का निरीक्षण

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर के सचिव सुरेन्द्र सिंह सांदू ने सोमवार को गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह, जोधपुर का मासिक औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव सुरेन्द्र सिंह सांदू ने विमंदितों से मुलाकात की गयी एवं उनके निवास स्थान की साफ-सफाई, विमंदित ग्रह परिसर, भोजन कक्ष एवं रसोई घर निरीक्षण किया। सचिव सांदू ने विमंदितों को दिए जाने वाली खाद्य सामग्री की जाँच की गयी तथा समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुधार के लिए आवश्यक निर्देश उपस्थित प्रबन्धक को दिए गए।

पीर गंगानाथ महाराज सिरे मंदिर धाम पर चातुर्मास करेंगे

जालोर, (कासं)। चातुर्मास सेवा समिति जालोर की ओर से पीर गंगानाथ महाराज की अध्यक्षता में चातुर्मास की तैयारियों को लेकर एक आम बैठक का आयोजन रविवार शाम को जालोर शहर के तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाडे में किया गया।

बैठक में चातुर्मास सेवा समिति के सदस्य, जालोर शहर एवं आस पास के गांवो के भक्तजन उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समस्त भक्तो ने पीर गंगानाथ महाराज का चातुर्मास सिरे मंदिर धाम पर सम्पन्न करवाने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। पीर गंगानाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम पर चातुर्मास की घोषणा के साथ नाथजी महाराज के जयकारे लगाये। सभी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा पीर गंगानाथ महाराज का माला पहनाकर चातुर्मास सम्पन्न करवाने को लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक में योगी प्रेमनाथ, योगी ईश्वरनाथ, योगी आंनदनाथ, योगी रेवतीनाथ का भी सानिध्य रहा। बैठक में चातुर्मास सेवा समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि चातुर्मास की सदियो से चली आ रही परम्परा का निर्वाहन पीर गंगानाथ महाराज 9 जुलाई को गाजो बाजो के साथ शोभायात्रा के रूप में सिरे मंदिर धाम के लिए प्रस्थान करेगे। पीर गंगानाथ महाराज का यह सातवी बार चातुर्मास होगा। इस बार अधिक मास होने के कारण दो श्रावण मास का आयोजन होगा।

पीर गंगानाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम चातुर्मास की घोषणा के बाद भक्तो में खुशी देखी गई तथा भक्तजनो ने पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। सिरे मंदिर धाम पर पीर गंगानाथ महाराज का यह पांचवां चातुर्मास होगा।

जालोर में पीर गंगानाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम पर चातुर्मास की घोषणा के बाद भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में पंडित प्यारेलाल शर्मा ने चातुर्मास को लेकर शुभ मुहुर्त निकाला। पीर गंगानाथ महाराज 9 जुलाई को सुबह 9 बजे भैरूनाथ अखाडे से चातुर्मास के लिए सिरे मंदिर धाम के लिए हजारो की संख्या में भक्तजनो व गाजो बाजो के साथ रवाना होगे। चातुर्मास के दौरान सिरे मंदिर पर पीर गंगानाथ महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हजारो की संख्या में भक्तगण पहुंचेगे। बैठक में उपस्थित सभी भक्तजनो ने नवकारसी एवं अन्य खाद्य समाग्री के चढ़ावे व सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया। बैठक में सभी भक्तो ने चातुर्मास को सम्पन्न करवाने के लिए पूर्ण सहयोग की बात कही। पीर गंगानाथ महाराज के चातुर्मास की घोषणा के बाद चातुर्मास सेवा समिति के कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गये है।

चातुर्मास सेवा समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी, खसाराम सांखला, हेमराज सुथार, बलवंत राव, ओबाराम देवासी, हीरालाल घांची, पप्पसा अग्रवाल,अम्बालाल माली, नैनाराम लुहार, नवीन सुथार, गजाराम देवासी, मकसा मेवाडा, कानाराम देवासी, मांगीलाल सोनी, प्रेमाराम जाखड, शिवलाल प्रजापत, धर्मनारायण गहलोत, ओटाराम माली, मदन माली, गणेशाराम सुथार, रामकिशन चैधरी, श्रीराम वैध, लालचंद प्रजापत, चम्पालाल सुथार, कनिष्क चौधरी, मानवेन्द्र राजपुरोहित, हिरपुरी गोस्वामी, ईश्वर नागर, जयनारायण वैष्णव, फुटरमल शर्मा, कांतिलाल सोनी, हितेष, प्रजापत, प्रवीण लुहार, नरेश व्यास, गोविन्द पुरी, दीपक रामावत, दीपक सुथार, बंशीलाल सोलंकी, नीतिन सोलंकी, अजय ओझा सहित समस्त छतीस कौम के लोग मौजूद थे।

सीमा सुरक्षा बल ने रक्तदान शिविर लगाया

बाड़मेर में सीमा सुरक्षा बल की 76 वाहिनी के 56 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (निसं)। रक्तदान महादान है। इसके जरिए हम किसी का जीवन बचा सकते है। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सीमा सुरक्षा बल बाड़मेर सेक्टर के उप महानिरीक्षक प्रीतपाल सिंह भट्टी ने मुख्य अतिथि के रूप में सोमवार को 76 वाहिनी के 56 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान जवानों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस अवसर पर उप महानिरीक्षक प्रीतपाल सिंह भट्टी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रक्तदान को लेकर आमजन में खासी जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवान रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहते है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि वाहिनी भविष्य में भी सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाती रहें। उन्होंने आमजन से रक्तदान करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित रहने की अपील की। इससे पहले सीमा सुरक्षा बल 76 वाहिनी जालीपा कैंप में मुख्य अतिथि बीएसएफ उप महानिरीक्षक प्रीतपाल सिंह भट्टी ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान समादेष्टा सतीश कुमार मिश्रा,द्वितीय कमान अधिकारी जितेन्द्र सिंह शाही,चिकित्सा अधिकारी डॉ. उर्वि एवं 76 वाहिनी के अधिकारीगण एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समादेष्टा सतीश कुमार मिश्रा ने समस्त आगंतुकों एवं रक्तदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वाहिनी की ओर से सरहद की हिफाजत के साथ जन सरोकार के कार्यकमों में सक्रिय भागीदारी निभाई जाएगी। रक्तदान शिविर में 59 यूनिट रक्तदान किया गया।

सत्यपुर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

सांचोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर के निर्देशानुसार सत्यपुर मंडल की बैठक राजेश्वर महादेव मंदिर राजेश्वर पूरा बिछावाडी में सम्पन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक में वन्देमातरम के बाद मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाना द्वारा मंडल का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

साथ ही कार्यकर्ताओ को एकजुट रहकर विधानसभा में भाजपा को जिताने का संकल्प दिलाया गया। राजनीतिक प्रस्ताव विधानसभा पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी द्वारा रखा गया।

इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों व राज्य सरकार की नाकामियों को बताया गया और राज्य की कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने का आव्हान किया। राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन वरिष्ठ भाजपा नेता हुकम सिंह गोहिल व धीराराम चौधरी ने किया। वही राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाना, हुकम सिंह गोहिल, पंचायत समिति सदस्य नर्मदा देवी, देंमो देवी, शक्ति केंद्र संयोजक भूपाराम पुरोहित, बुथ अध्यक्ष जोधाराम, केसाराम, जोग सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी कानाराम चौधरी, भूराराम, पारसमल, वेलाराम, ओखा भारती, लसा भारती, परखाराम, गणपत लाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनता ने मन बना लिया है, इस बार कांग्रेस का आना तय : नीरज डांगी

मंडार, (निसं)। राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने बताया कि राज्य की गहलोत सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा किया, लेकिन केंद्र सरकार ने 2014 से किए गए वादों को 9 साल में भी पूरा नहीं किया एवं जनता के साथ सिर्फ जुमलेबाजी ही की है। जिसका हिसाब आगामी लोकसभा चुनाव में जनता चुकता करेंगी।

राज्यसभा सांसद डांगी आज निकटवर्ती गांव वरमान में सहकारी समिति के गोदाम निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य की गहलोत सरकार ने 5 साल के दौरान जनता से किए गए वादों को तो पूरा किया लेकिन जनता की अपेक्षा से बढकर कार्य करने में भी अपनी भूमिका अदा कर जनता को राहत प्रदान करने का कार्य किया है।

डांगी ने बताया कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से विकास का एक भी कार्य नहीं हुआ लेकिन विगत 5 वर्षों में इस क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने का कार्य गहलोत सरकार ने किया है। कार्यक्रम के तहत राज्यसभा सांसद डांगी ने विधिवत रूप से ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम निर्माण का भूमि पूजन किया।

सिरोही जिले में मंडार के पास वरमान में राज्यसभा सांसद डांगी ने सहकारी समिति के गोदाम निर्माण के लिए पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के हिमपाल सिंह देवल ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में भवानी सिंह, कृष्ण वीर सिंह, हरसुल अग्रवाल सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्सुकता देखने को मिली एवं ग्रामीण जन तेज गर्मी होने के बावजूद भी कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे।

डांगी के आने के बाद पूरे पंडाल में ग्रामीणों की भीड जमा हो गई जिसके चलते वहां पर बनाया गया पांडाल भी छोटा पड गया।

ज्ञात रहे कि राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का लंबे समय के बाद क्षेत्र का दौरा होने के कारण ग्रामीणों में उत्सुकता नजर आ रही थी।

सार-समाचार

अनुपस्थित चिकित्सकों को थमाया नोटिस

बाड़मेर, (निसं)। जिले में आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाये उपलब्ध कराने एवं एनीमिया की दर को कम करने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी एस गजराज एवं आरसीएचओ डॉ. प्रीत मोहिंदर सिंह द्वारा पीएचसी जसाई, खडींन, गंगाला, मारुडी, बालेरा चिकित्सा संस्थानो का औचक निरिक्षण किया गया। सीएम्एचओ डॉ गजराज ने डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों को लेकर नियमित रूप से गतिविधियां आयोजित करने के साथ मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, जांच योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनाओ की प्रगति लेते हुए आमजन तक बेहतर सुविधाये उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किये गये। सीएम्एचओ ने बताया की ओचक निरिक्षण के दोरान पीएचसी जसाई में चिकित्सा अधिकारी डॉ उदेश राजपुरोहित एवं डेटा एंट्री ओपरेटर संतोष कुमार, पीएचसी खडींन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार बिश्नोई, पीएचसी गंगाला में डॉ. सोनू बेरवा बिना किसी सुचना के अनुपस्थित पाये गये, अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित को नोटिस जारी किये गये। पीएचसी मारुडी एवं बालेरा में सभी चिकित्सक समेत सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। आरसीएचओ डॉ प्रीत मोहिंदर सिंह ने बताया की चिकित्सा संस्थान में आशा एवं एएनएम को पाबन्द किया गया की समुदाय में गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओ में अनीमिया की पहचान करना सुनिश्चित करे, पहचान उपरांत उनका इलाज भी करवाया जाये, कार्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये एवं आमजन को इसका लाभ पहुचाये, मातृ व शिशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं व परिवार कल्याण कार्यक्रम का क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दोरान एडिशनल सीएम्एचओ डॉ हरेन्द्र भाकर एवं एसएमओ डब्लूएचओ डॉ पंकज सुथार उपस्थित रहे। डॉ भाकर ने योग्य दम्पतियों को परिवार कल्याण के स्थाई एवं अस्थाई साधनों का उपयोग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये।

गोशाला में 56 व्यंजनों का भोग परोसा

बाप, (निसं)। कस्बे में सोमवार को माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी धूमधाम से मनाई गई। माहेश्वरी समाज द्वारा ऋषि गोपाल गोशाला में गोवंश को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। माहेश्वरी समाज की महिलाओ ने मंगल गीत गाये तथा आरती की। इसके बाद सभी व्यजंनो को थाली में परोस कर गोवंश को माहेश्वरी समाज बुंधओं ने अपने हाथो से खिलाया। गोशाला सचिव मूलचन्द सारण पालीवाल ने बताया कि बाप एक ट्रक हरा चारा की भी व्यवस्था की गई है। इसके बाद बाप गायत्री शक्ति पीठ में स्थित महामृत्युंजय शिव मंदिर में भगवान महेश का जलाभिषेक कर सुख, समृद्धि की कामना की गईं। महाआरती में समाज बंधु उमड़े। गोशाला संरक्षक श्रीबल्लभ व्यास, शिक्षाविद मनसुख पालीवाल, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अशोक चांडक, व्यापार मण्डल अध्यक्ष तिलोक राठी, गो सेवक मनोज लोहिया, जगदीश शर्मा, अमृत लाल भूतड़ा, जगदीश भूतड़ा, नगरपालिका बाप उपाध्यक्ष गोपाल भट्टड़, सुशील हिन्दू, बबलू, रमेश सेन, धूड़चन्द कोठारी, श्याम राठी, दामोदर मेहता, किशोर राठी, बुलिदान पालीवाल, मुरलीधर लोहिया, रमेश लोहिया, संतोष कोठारी, भंवर कोठारी, बाबू लाल पालीवाल, संतोष राठी, मंजू चाण्डक, सुरजा भूतड़ा, लक्ष्मी कोठारी, शांति कोठारी, कमला भैया, भंवरी लोहिया, तेजकरण राठी, सत्यनारायण भैया, धापू भैया, जेठमल राठी, मोहन लाल राठी, ओम राठी, राजू भट्टड़, रेवत प्रजापत, डॉ. अभिजीत माली, लक्ष्मण चांडक, भवानी राठी, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश लाखोटिया आदि मौजूद रहे।

नेत्र जांच चिकित्सा शिविर आयोजित

रेवदर, (निसं)। बारिश और अंधड के बाद बेहाल गर्मी में जीवन सारथी सारथी संस्थान की निस्वार्थ टीम ने ग्राम पंचायत रेवदर में निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आबूरोड के ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान के सहयोग से जीवन सारथी संस्थान द्वारा भामाशाह भरत कुमार प्रकाश जी पुरोहित सेलवाडा के आर्थिक सहयोग से शिविर का आयोजन हुआ, शिविर प्रातः 8 बजे से 2 बजे आयोजित किया गया, जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाई का वितरण, ऑपरेशन के लिये मरिजो का चयन कर आबूरोड ऑपरेशन के लिये ले जाया गया, शिविर प्रभारी संस्थान अध्यक्ष बलवंत मेघवाल ने बताया की शिविर भारी अंधड और तूफान, बारिश के बाद भी शुरू हुआ और सुबह से मरीजो का आना शुरू हो गया, शिविर का उद्घाटन सरपंच अजबाराम चौधरी, खमिराम पुरोहित वाण,भैरुगढ सरपंच माधाराम देवासी, भामाशाह भरत प्रकाश पुरोहित की उपस्थिति में हुआ, ग्लोबल संस्थान के शिविर प्रभारी मांगीलाल ने बताया की ग्लोबल नेत्र अस्पताल की टीम के डाक्टर इन्दु बिश्नोई, अक्षी, शानू, विजेंद्र बंजारा ने अपनी निःशुल्क सेवाए दी। इस अवसर पर कुल178 मरीज लाभान्वित हुए और 32 लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिये आबूरोड ले जाया गया। इस अवसर पर बलवंत मेघवाल, धीरज संत, दशरथ, कुणाल अग्रवाल, राहुल जोशी,विक्रम, मनीष, जितेंद्र, भैराराम, गोपाल, प्रह्लाद ओड, रामसिंह, उपस्थित रहे।

जसवंतगढ़ में कथा जारी

गड़ामालानी, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित राणा जसवंत गढ़ में राणा कुलदीप सिंह राठौड के तत्वावधान में राजाराम महाराज के शिष्य संत कृपाराम महाराज के शिष्य संत सियाराम महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को मुख्यालय सहित आस पास गांवों के भक्तों ने कथा का रसपान लिया। भरत जैन ने बताया कि जसवंतगढ़ में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचन कर रहे संत सियाराम महाराज ने कहा कि जब जब धरती पर अधर्म की वृद्धि होती है। तब - तब में साकार रूप में प्रकट होकर भक्तो को सुख और दुष्टो का नाश करता हूं। संत ने मधुमंगल का प्रसंग सुनाते हुए कहा की भगवान भक्त की संपति नही देखते भगवान सिर्फ और सिर्फ भक्त का भाव प्रेम देखते हैं।मधूमंगल की झूठी छाछ को कृष्ण ने बडे चाव से अरोगा। गोवर्धन की कथा में छप्पन भोग से भगवान को भक्तो द्वारा भोग लगाया गया। कथा वाचन में भंवर लवकुश सिंह बडागांव, ठाकुर लक्ष्मण सिंह, लोकेंद्र सिंह चितलवाना, भाजपा प्रदेश मंत्री के के विश्नोई सहित आसपास गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाया

बाप, (निसं)। सौर्य ऊर्जा कंपनी के सहयोग से माई स्टेम लैब द्वारा मोबाइल साइंस लैब कार्यक्रम के तहत समर कैंप के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानासर, अखाधना, कानासर ढाणी, रावरा व सांवरा गांव में सोमवार को पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें शरीर में पाचन तंत्र की महत्वता व उचित खान पान पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही पाचन संबंधी बीमारियों की रोकथाम व बचाव के उपाय, स्वस्थ रहने के तरीके आदि बताया गया। स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नोत्तरी व चित्रकारी प्रतियोगिता भी रखी गई। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित गया। मोबाइल साइंस लैब परियोजना के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर पुखराज माली ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन के साथ साथ अपने पाचन तंत्र का उचित ध्यान रखना आवश्यक है। सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। इस दौरान स्टेम ट्रेनर मुख्तियार अली, अचल सिंह, राजूसिंह, मनदीप, सुनील व सुमेर गोस्वामी आदि भी मौजूद रहे।

केसाराम को दिव्यांगता प्रमाण पत्र

जालोर, (कासं)। प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत बागोड़ा पंचायत समिति की नरसाणा में आयोजित शिविर में दिव्यांग केसाराम को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कर विशेष योग्यजन पेंशन व व्हील चेयर के लिए आवेदन करवाया गया। शिविर में बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी गरिमा शर्मा के समक्ष दोनों पैरों से दिव्यांग केसाराम व उसके परिवारजनों ने अपनी परिवेदना बताई तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित कार्मिकों को निर्देश कर मौके पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कर पेंशन व व्हीलचेयर के लिए आवेदन करवाया। उपखण्ड अधिकारी गरिमा शर्मा ने दिव्यांग केसाराम को दिव्यांगता प्रमाण पत्र सौंप कर मौके पर ही विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया। दिव्यांग केसाराम ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रशंसा की।

परिवार कल्याणं सेवा का स्थान परिवर्तन

जोधपुर, (कासं)। उम्मेद अस्पताल कि पूर्व में मुख्य भवन में संचालित हो रही परिवार कल्याण सेवाऐं एवं प्रसव पश्चात् सेवाओं को उम्मेद अस्पताल के न्यू ओपीडी ब्लॉक में रूम नम्बर 8 में शिशु आउटडोर एवं प्रसव पूर्व जाँच केन्द्र के पास स्थानान्तरित किया गया है। उम्मेद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अफजल हकीम ने बताया कि मंगलवार से परिवार कल्याण सेवाऐं यहाँ उपलब्ध रहेगी।